**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 2895**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**विमानपत्तनों पर बंद पड़े डोर-फ्रेम मेटल डिटेक्टर**

**2895. श्री ईश्वरस्वामी के:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भर के विमानपत्तनों पर लगाए गए प्रत्येक डोर-फ्रेम मेटल डिटेक्टर में से कोई भी काम नहीं कर रहे हैं और इससे मंत्रालय में डोर-फ्रेम मेटल डिटेक्टर घोटाले का पर्दाफाश हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ख) क्या सरकार ने इस मामले में कोई जांच की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है/किए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) **:** जी, नहीं। डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) सहित सभी सुरक्षा उपकरणों को नियमित आधार पर उपयोग में लाने से पहले उनकी सटीकता और परिचालन तत्परता के लिए नियमित रूप से जांच की जाती है। यात्रियों की जांच के लिए दोषपूर्ण/गैर-कार्यशील उपकरणों को संचालित नहीं किया जाता है।

(ख) और (ग) **:** प्रश्न नहीं उठता।

*****